# Essay on Election in Hindi

**प्रस्तावना**

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। 26 जनवरी 1950 को भारत को लोकतांत्रिक देश घोषित किया गया था। लोकतांत्रिक देश में सभी नागरिकों को मतदान देने का अधिकार होता है, किंतु कुछ नागरिक अपने कर्तव्य से पीछे हटते हैं।

ऐसे में हमें क्या करना चाहिए? मतदान हमारे लिए बहुत ही जरूरी है। यह केवल सरकार की ही प्रगति नहीं करते हैं, बल्कि आम नागरिक की भी प्रगति इसके पीछे छिपी होती है। हमारे भारत में मतदान को भी एक उत्सव की तरह मनाया जाता है।

**क्या होती है नागरिकों की क्षमता?**

किसी भी आम नागरिक की सबसे बड़ी क्षमता यही होती है कि उसको मतदान देना चाहिए। उसको अपने प्रतिनिधित्व को चुनने का पूरा अधिकार है। हर किसी का सोच विचार अलग होता है। इसी के चलते लोग अपनी मर्जी से प्रतिनिधित्व को चुन सकते हैं।

हर नागरिक को अपने मन के विचार प्रकट करने चाहिए। यह केवल सरकार के लिए ही नहीं बल्कि अपनी भी प्रगति के लिए करना चाहिए। इससे उन्हें राजनीतिक दुनिया के बारे में भी पता चलता है।

**मतदान देना क्यों है जरूरी?**

किसी भी देश को यही चाहिए कि उसके देश के नागरिक ईमानदारी रहे। देश का नेता चुनने के लिए आम नागरिक को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। इसीलिए आम नागरिक को अपने कर्तव्य को समझते हुए सही प्रतिनिधित्व को चुनना चाहिए, जिससे उनके देश को अच्छे सरकार मिल सके।

भारत में हर नागरिक को सबसे सर्वोपरि माना जाता है। क्योंकि जो ताकत जनता के पास होती है वह ताकत सरकार के पास भी नहीं होती है। इसीलिए आम नागरिक को यह अंदाजा होना चाहिए कि मतदान कितना जरूरी है। गांव हो या शहर हो हर नागरिक को जागरूक होना चाहिए। अपने मतदान के लिए अगर ऐसा नहीं करते हैं तो उनकी प्रगति में रुकावट आती है।

अगर हम सही प्रतिनिधित्व नहीं चुनेंगे तो देश की सरकार किसी गलत हाथों में चली जाएगी। इससे देश को भी नुकसान होगा और वहां रहने वाली जनता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसीलिए अपने अधिकार के, चलते हर नागरिक को अपनी सत्ता चुनने का अधिकार मिला हुआ है तो वह उसका पूर्णता लाभ उठाएं।

**कैसे चुने प्रतिनिधित्व?**

जब भी आम जनता सरकार को वोट देना चाहती है तो वह इस असमंजस में रहती है कि हमारे लिए कौन सा प्रतिनिधित्व सही है? कौन प्रतिनिधित्व हमारे देश में विकास कर सकता है या कौन सा भ्रष्टाचार हो सकता है।

अगर आप भी इस विषय में असमंजस में पड़ जाते हैं तो आपको चाहिए कि आप यह जांच पड़ताल करे कि सबसे ज्यादा देश के प्रति अपने कर्तव्य कौन निभा रहा है, जो देश की सेवा को सर्वोपरि रखता है, वहीँ सही प्रतिनिधित्व होता है।

**हमारे जीवन में क्या है मतदान की अहमियत?**

अगर आम जनता के द्वारा सही से प्रतिनिधित्व नहीं चुना गया तो देश की बागडोर गलत हाथों में चली जाती है। इससे देश को खतरा भी हो सकता है। क्योंकि कुछ ऐसे प्रतिनिधित्व होते हैं, जो सरकार बनाकर उसका गलत फायदा उठाते हैं और एक भ्रष्ट नेता के रूप में उभरते हैं।

सबसे बड़ी बात तो यही है कि आम नागरिक मतदान देने में डरते हैं। अगर वह अपने वोट को कीमती समझे तो सही प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं। अन्यथा भ्रष्ट नेता अपने ही लोगों को पैसे देकर चुनाव जीत जाते हैं और देश को नुकसान पहुंचाते हैं।

**ईमानदार और योग्य सरकार कैसे बनती है?**

यह बात भी आम जनता पर ही निर्भर करती है। क्योंकि हर 5 वर्ष में चुनाव होता है, जिसके चलते आम नागरिक को अपनी सरकार का गठन करने का कर्तव्य होता है। आम जनता ही निर्धारित करती है कि राज्य और केंद्र सरकार पर कौन स्थापित होगा।

**हमें मतदान देने का मौका कब मिलता है?**

जब प्रत्येक नागरिक 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेता है तब हमें मतदान देने का मौका मिलता है और यह मौका हमें पूरे जीवन मिलता है। लेकिन इस मौके का अवसर हमें हर 5 साल में उठाना चाहिए या जब भी चुनाव होते हैं। इस मौके का अवसर जरूर लेना चाहिए।

**देश का नुकसान कैसे होता है वोट ना करने से?**

वोट देना हमारा हक है। इस हक का हमें फायदा उठाना चाहिए, क्योंकि भ्रष्ट नेता अपने ही लोगों से वोट गिरवाते हैं और चुनाव जीत जाते हैं। जिसके चलते देश को बहुत बड़ा नुकसान हो जाता है और यह साबित नहीं हो पाता है कि कौन ईमानदार है और कौन भ्रष्ट नेता है।

**मतदान देने की प्रक्रिया क्या होती है?**

- मतदान देने के लिए किसी को से भी जोर जबरदस्ती नहीं किया जाता, वह अपने पसंदीदा उम्मीदवार को मत दे सकता है।
- अपनी मत को हमेशा गुप्त रखें, किसी को भी यह नहीं बताएं कि आप किसके समर्थन हैं।
- सबकी मत की सहमति अलग-अलग होती है, इसीलिए जरूरी नहीं है कि वह एक समान ही सोचे।
- जिस राजनीतिक पार्टी का बोलबाला ज्यादा होता है, उसी उम्मीदवार को अधिक वोट प्राप्त होते हैं।

**वोट देने के लिए कौन कौन से दस्तावेज जरूरी हैं?**

- सबसे पहले आपके लिए पहचान पत्र जरूरी है, जो कि सरकार द्वारा बनाए जाते हैं।
- इसके पश्चात आपका नाम वोटर लिस्ट में होना आवश्यक है।
- वोटर आईडी कार्ड या आधार कार्ड अन्यथा वोटर स्लिप होनी जरूरी है।

**देश की सफलता किन बातों पर निर्भर करती है?**

- आम नागरिक अपने कर्तव्य को समझते हुए हर साल वोट अवश्य दें।
- देश से भ्रष्टाचार खत्म करें क्योंकि आम जनता ही है, जो यह काम कर सकती है।
- जितनी ताकत सरकार के पास नहीं होती है, उससे कहीं अधिक ताकत जनता के पास होती है क्योंकि अगर जनता मतदान नहीं करेगी तो सरकार नहीं बन पाएगी।
- देश के विकास के लिए सभी को एक मत रहना आवश्यक होता है, यही तय करता है कि देश का नेता भ्रष्टाचार ना हो।
- आम नागरिक को अपनी सरकार के प्रति सक्रिय रहना चाहिए, जनता को अपने सरकारी कामों के बारे में पता रहना चाहिए।
- मतदान करने से पहले आप इंटरनेट से अपने प्रतिनिधित्व के बारे में जांच-पड़ताल भी कर सकते हैं, इससे आप को मत देने में आसानी होगी।
- हमारा देश लोकतांत्रिक देश है और हम बहुत खुशनसीब लोग हैं कि हमें वोट देने का अधिकार मिला है। अपनी सरकार खुद चुनने का अधिकार दिया गया है।

**निष्कर्ष**

हमारे देश की जितनी भी परेशानियां और समस्याएं हैं, अगर सरकार चाहे तो उन समस्याओं को खत्म कर सकती है। परंतु अकेले सरकार के चाहने से कुछ नहीं होगा, इसमें आम जनता को पूर्ण सहयोग करना होगा।

तभी हमारे देश की गरीबी, बेरोजगारी, दिन प्रतिदिन बढ़ती महंगाई, इन सब को हम रोक पाएंगे। क्योंकि वोट देने से देश में बहुत से परिवर्तन आ सकते हैं। इसीलिए आपको अपना अधिकार समझना चाहिए और अपने देश के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

**Download All Type PDF: https://pdfseva.com/**